बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना–सह–शुद्धि पत्र

औषधि निरीक्षक प्रतियोगिता परीक्षा

(विज्ञापन संख्या–09/2022)

CWJC No. 17581/2022, Chandan Kumar Yadav vs. The State of Bihar & Ors. में दिनांक 12.05.2023 को माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित अंतरिम आदेश के आलोक में विज्ञापन संख्या–09/2022 के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अधीन औषधि निरीक्षक के पदों पर नियुक्ति हेतु वैसे अभ्यर्थियों से जो **दिनांक 16.12.2022 तक** विज्ञापन की कंडिका–3 में विहित शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, परन्तु विज्ञापन में निर्धारित अनुभव प्राप्त नहीं है, उनसे उक्त अंतरिम न्यायादेश के आलोक में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है। **वैसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी उपर्युक्त वाद में पारित अंतिम न्यायादेश के फलाफल से प्रभावित होगा।** ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया निम्नवत् है :–

1.	ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	दिनांक 24.05.2023
2.	ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	दिनांक 31.05.2023

2. उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।
3. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।
4. विज्ञापन की कंडिका–3 (3) में अंकित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र/अंक पत्र ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम **तिथि 16.12.2022 तक** का होना अनिवार्य है।
5. **वैसे अभ्यर्थी जो विज्ञापन की कण्डिका 3 में अंकित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव धारण करते थे, परन्तु ऑनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 16.12.2022 तक ऑनलाइन आवेदन नहीं भरा था और अब उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरा जाता है, तो उनका आवेदन विचारणीय नहीं होगा।**
6. वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में ऑनलाइन आवेदन भर चुके हैं, उन्हें दुबारा ऑनलाइन आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है।
7. दिनांक 23.05.2023 को प्रकाशित आवश्यक सूचना एवं दिनांक 22.11.2022 को प्रकाशित वि॰सं॰ 09/2022 को इस हद तक संशोधित किया जाता है। शेष शर्तें यथावत् रहेगीं।
8. **औषधि निरीक्षक (वस्तुनिष्ठ एवं बहु विकल्पीय) लिखित प्रतियोगिता परीक्षा माह जुलाई, 2023 में संभावित है।**

24/05/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना